
1) कार्यालय, अपर संचालक, उच्च शिक्षा क्षेत्रीय कार्यालय से प्राप्त आदेशानुसार मॉकड्रिल का प्रशिक्षण 07/05/25 को दिया गया।







**2)** दिनांक 10/05/25 को "**IQAC** के माध्यम से महाविद्यालय में एक दिवसीय व्याख्यान का आयोजन किया गया। जिसके विशिष्ठ अतिथि के रूप में डॉ राजीव शंकर खेर प्राचार्य शासकीय मदनलाल शुक्ल स्नात्कोत्तर महाविद्यालय सीपत थे।





3) दिनांक 19/06/25 को राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के माध्यम से एक पेड़ माँ के नाम अभियान चलाया गया।







4) 21 जून 2025 को विश्व योगा दिवस पर महाविद्यालय में अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया।






5) 25 जून 2025 को महाविद्यालय में लोकतंत्र की हत्या विषय पर व्यख्यान का आयोजन किया गया।




6) 27 जून 2025 को महाविद्यालय में रेड क्रॉस सोसायटी एवं राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के कार्य के उपलक्ष्य में अन्तर्राष्ट्रीय नशा निवारण दिवस का आयोजन किया गया।



27.06.2025

रीजनल हरिभूमि

## सकरी कॉलेज ने मनाया गया अंतर्राष्ट्रीय नशा निवारण दिवस

हरिभूमि न्यूज ⏭ सकरी

नवीन शासकीय महाविद्यालय में अंतरराष्ट्रीय नशा निवारण दिवस मनाया गया। इस अवसर पर सभी छात्र-छात्राओं ने नशा नहीं करने की शपथ लते हुए लोगों को भी इसके प्रति जागरूक करने का वचन दिया। प्रभारी प्राचार्य डॉ फूलदास महंत ने कहा कि नशा जीवन का ही नाश कर देता है। घर, परिवार, समाज नशे से प्रभावित हुए बिना नहीं रह सकते।

कार्यक्रम के प्रमुख वक्ता आकाश पटेल ने अंतरराष्ट्रीय नशा निवारण दिवस के इतिहास, उद्देश्य से युवा छात्र-छात्राओं को अवगत कराया। कार्यक्रम का आयोजन महाविद्यालय के रेड क्रॉस सोसाइटी एवं राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई ने किया। कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं के साथ महाविद्यालय स्टाफ के सदस्य मनीषा उइके, चित्ररेखा श्रीवास, बरखा हलवाई, अजिता राजकुमारी तिग्गा, प्रफुल्ल बेले, डॉ अंजू मिरि, प्रदीप साहू, प्रदीप खूंटे, शुभम जगत, शिवम यादव, प्रकाश कौशिक आदि मौजूद रहे। कार्यक्रम में विशेष रूप से सहयोग देने वाले छात्राओं में अमिषा सूर्यवंशी, रश्मि श्रीवास, सुभाषिनी बिनकर, कविता बघेल, ममता मिर्जा, संजना साहू, चंदा साहू ने लोगों को नशा नहीं करने हेतु आसपास के लोगों को जागरूक किया। कार्यक्रम का संचालन प्रोफेसर संजय कुमार कुर्रे ने किया।

### क्रीडाधिकारी के भाई को दी गई श्रद्धांजलि

महाविद्यालय परिवार की ओर से क्रीडाधिकारी डॉ अजय सिंह ठाकुर के भाई विजय सिंह ठाकुर की सड़क दुर्घटना में असामयिक मृत्यु पर शोक सभा आयोजित कर 2 मिनट का मौन रखा गया एवं दिव्य आत्मा को श्रद्धांजलि अर्पित कर शोकाकुल परिवार के प्रति गहरी संवेदना प्रकट की गई।



रीजनल हरिभूमि

सकरी कॉलेज ने मनाया गया अंतर्राष्ट्रीय नशा निवारण दिवस

हरिभूमि न्यूज ⏭ सकरी

नवीन शासकीय महाविद्यालय में अंतरराष्ट्रीय नशा निवारण दिवस मनाया गया। इस अवसर पर सभी छात्र-छात्राओं ने नशा नहीं करने की शपथ लते हुए लोगों को भी इसके प्रति जागरूक करने का वचन दिया। प्रभारी प्राचार्य डॉ फूलदास महंत ने कहा कि नशा जीवन का ही नाश कर देता है। घर, परिवार, समाज नशे से प्रभावित हुए बिना नहीं रह सकते।

कार्यक्रम के प्रमुख वक्ता आकाश पटेल ने अंतरराष्ट्रीय नशा निवारण दिवस के इतिहास, उद्देश्य से युवा छात्र-छात्राओं को अवगत कराया। कार्यक्रम का आयोजन महाविद्यालय के रेड क्रॉस सोसाइटी एवं राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई ने किया। कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं के साथ महाविद्यालय स्टाफ के सदस्य मनीषा उइके, चित्ररेखा श्रीवास, बरखा हलवाई, अजिता राजकुमारी तिग्गा, प्रफुल्ल बेले, डॉ अंजू मिरि, प्रदीप साहू, प्रदीप खूंटे, शुभम जगत, शिवम यादव, प्रकाश कौशिक आदि मौजूद रहे। कार्यक्रम में विशेष रूप से सहयोग देने वाले छात्राओं में अमिषा सूर्यवंशी, रश्मि श्रीवास, सुभाषिनी बिनकर, कविता बघेल, ममता मिर्जा, संजना साहू, चंदा साहू ने लोगों को नशा नहीं करने हेतु आसपास के लोगों को जागरूक किया। कार्यक्रम का संचालन प्रोफेसर संजय कुमार कुर्रे ने किया।

क्रीडाधिकारी के भाई को दी गई श्रद्धांजलि

महाविद्यालय परिवार की ओर से क्रीडाधिकारी डॉ अजय सिंह ठाकुर के भाई विजय सिंह ठाकुर की सड़क दुर्घटना में असामयिक मृत्यु पर शोक सभा आयोजित कर 2 मिनट का मौन रखा गया एवं दिव्य आत्मा को श्रद्धांजलि अर्पित कर शोकाकुल परिवार के प्रति गहरी संवेदना प्रकट की गई।

...माया मंदिर में पूजा-अर्चना

7) 27 जून 2025 को महाविद्यालय जनभागीदारी समिति बैठक का आयोजन किया गया।



8) 15/07/2025 को राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा छात्र/छात्राओं को **Nss B Certificate** प्रदान किया गया।



9) 26/07/25 को राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा के तहत् कारगिल विजय दिवस कार्यक्रम का आयोजन महाविद्यालय में किया गया जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में सेवानिवृत आर्मी सूवेदार दिनेश साहू ने युद्ध में अपनी भूमिका के बारे में बताया।

# बिलासपुर संभा

मुंगेली. पेण्ड्रा. जांजगीर. कोरबा. रायगढ़. जशपुर. अं

## बिलासपुर की खबरें

### सकरी महावि. ने मनाया कारगिल विजय दिवस



**बिलासपुर।** नवीन शासकीय महाविद्यालय सकरी ने राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वावधान में कारगिल विजय दिवस मनाया। इस अवसर पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सेवानिवृत आर्मी सूबेदार बिलासपुर दीनदयाल उपाध्याय कॉलोनी निवासी दिनेश साहू थे। उन्होंने अपनी भूमिका को इस युद्ध के लिए शेयर करते हुए कहा कि हम राजस्थान से तोप के लिए बड़े बड़े गोले लेकर युद्ध स्थल तक पहुंचाते थे, यही उनका काम होता था। हम लोग नीचे (कारगिल शहर के पास) के पास गायकोन गांव में रहते थे, जब बम गिरता था तो आसपास में लड़ रहे सैनिकों के शरीर के चीथड़े चीथड़े बिखर जाते। कार्यक्रम में उनके मित्र शेखर तिवारी ने भी सभा को संबोधित किया। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता डॉक्टर फूलदास महंत ने 1999 की घटना को याद करते हुए बताया कि वे 1998-1999 में रायगढ़ जिले के कॉलेज में एनसीसी अफसर सेकंड लेफ्टिनेंट थे। रात दिन राष्ट्रीय कैडेट कोर के स्टूडेंट्स को कभी भी देश सेवा के लिए तैयार रखते थे। उनके 5000सैनिकों को हमारे सूरवीर सैनिकों ने मार भगाया और तोलोलिंग, टाइगर हिल, जाबर टॉप, खालू बर , आर्यन घाटी, जुलु टॉप पर तिरंगा झंडा फहरा दिया। इसमें हमारे देश के 527 वीर सेनानियों ने अपनी जान की बाजी खेलकर, 2 माह 3 सप्ताह 26 जुलाई तक चलने वाले इस युद्ध में विजय दिलाया। इस युद्ध के नायक शेरशाह के नाम से सुविख्यात हिमांचल प्रदेश निवासी विक्रम बत्रा थे। जो मात्र 25 वर्ष के थे। कार्यक्रम में बीएससी अंतिम वर्ष की छात्रा अमीषा सूर्यवंशी तथा कविता बघेल ने कहा कि इतनी ऊंचाइयों पर कठिन परिस्थितियों में जीत हासिल कर तिरंगा झंडा फहर गया। अध्यक्षीय उद्बोधन में महाविद्यालय की प्राचार्य डॉक्टर रूबी मल्होत्रा मैडम ने कहा 1947 से लगातार 1965, 1971, 1999 के बाद 2025 में आपरेशन सिंदूर, इसके पहले लंबी युद्ध आपरेशन विजय चलाकर हमारे सेनानियों ने कारगिल विजय दिलाया, हम कल्पना कर सकते हैं कि अदम्य साहस के साथ शहीदों के परिवार जनो ने अपना परिचय दिया है। इसीलिए आज का दिवस को हम सेनानियों की शहादत को कारगिल विजय दिवस के रूप में याद कर मनाते हैं।

कार्यक्रम का संचालन संजय कुर्रे कार्यक्रम अधिकारी एवं आभार डॉ अजय सिंह क्रीड़ाधिकारी ने किया। कार्यक्रम में 100 लोगों के अलावा डॉ शवेता जायसवाल , चित्ररेखा श्रीवास, मनीषा उके, बरखा हलवाई, हर्षा देवानी , सौमित्र शर्मा, राजकुमारी तिग्गा, आकाश पटेल, डा अंजू महिलांग, संजू दुबे, संजय, प्रदीप खूंटे आदि उपस्थित थे।

# कारगिल युद्ध की घटनाओं को साझा किया



नवीन शासकीय महाविद्यालय सकरी में आयोजित कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सेवानिवृत आर्मी सूबेदार दिनेश साहू ने युद्ध में अपनी भूमिका को साझा करते हुए बताया कि हुए कहा कि हम राजस्थान से तोप के लिए बड़े बड़े गोले लेकर युद्ध स्थल तक पहुंचाते थे। कार्यक्रम को शेखर तिवारी ने भी संबोधित किया। मुख्य वक्ता डॉ. फूलदास महंत ने 1999 की घटना को याद करते हुए बताया कि वे 1998..1999 में रायगढ़ जिले के कॉलेज में एनसीसी अफसर सेकंड लेफ्टिनेंट थे और रात दिन राष्ट्रीय कैडेट कोर के स्टूडेंट्स को कभी भी देश सेवा के लिए तैयार रखते थे। छत्तीसगढ़ से भिलाई निवासी कौशल यादव थे जिन्होंने जुलु टॉप पर अकेले 5 पाकिस्तानियों को मार गिराने के बाद तिरंगा फहरा दिया उसके बाद शहीद हो गए, जिन्हें वीर चक्र मिला। विक्रम बत्रा को परमवीर चक्र सेना का सर्वोच्च सम्मान मिला। अध्यक्षीय उद्बोधन में महाविद्यालय की प्राचार्य डॉक्टर रूबी मिल्होत्रा ने हम वीर शहीदों को नमन करते हैं। इसीलिए आज के दिन सेनानियों की शहादत को कारगिल विजय दिवस के रूप में मनाते हैं।

10) 31 जूलाई 2025 को महाविद्यालय में राजभाषा हिन्दी मंच भारत मुंशी प्रेमचंद के कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता अतिथि छत्तीसगढ़ एवं हिन्दी के साहित्यकार डॉक्टर देवधर महंत थे।



11) 02/08/25 महाविद्यालय के दो छात्र आयुश सूर्यवंशी एवं कपिल देव लहरे ने महामाया चौक से इंजीनियरिंग कॉलेज कोनी तक आयोजित संभागीय स्तर की रेड क्रॉस मैराथन में भाग लेकर क्रमशः द्वितीय वं तृतीय स्थान प्राप्त कर महाविद्यालय का प्रतिनिधित्व किया।




12) 03/08/25 अनुविभागीय अधिकारी तखतपुर शिव केवट के दिशा निर्देशा में मतदाता जागरूकता दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया स्वीप की कायक्रम प्रभारी चित्ररेखा श्रीवास द्वारा कराया गया।

## सकरी कॉलेज में मतदाता जागरूकता शिविर सम्पन्न




इवनिंग टाइम्स

**बिलासपुर।** नवीन शासकीय महाविद्यालय सकरी में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के तहत भारत निर्वाचन आयोग के नवाचार को बढ़ावा देने हेतु किये गये उपाय के तहत शिविर आयोजित किया गया। अनुविभागीय अधिकारी तखतपुर शिव कंवर के निर्देशानुसार आयोजित शिविर में तखतपुर के तहसीलदार पंकज सिंह उपस्थित रहे ।

उन्होंने महाविद्यालय के छात्र छात्राओं को मतदान का महत्व बताया ।साथ ही साथ नव प्रवेशित छात्र छात्राओं को फॉर्म 6 भरने हेतु प्रेरित किया।फॉर्म 6 भरने में आने वाली समस्या तथा अन्य शंकाओ का समाधान भी किया। बड़ी संख्या में छात्र छात्राओं को ऑफलाइन फॉर्म भरवाया गया। प्राचार्य डॉ रुबी मिल्होत्रा ने लोकतंत्र के लिये जागरूक मतदाता का होना आवश्यक है बताया ।स्वीप की कार्यक्रम प्रभारी चित्ररेखा श्रीवास ने छात्र छात्राओं को विभिन्न सोशल मीडिया फेसबुक ,वाट्स एप इंस्टाग्राम, ट्रेंड्स ,एक्स में भारत निर्वाचन आयोग के पेज को फॉलो करने हेतु प्रेरित किया।कार्यक्रम में वरिष्ठ प्राध्यापक फूलदास महंत,वरिष्ठ क्रीड़ाधिकारी अजय सिंह,वरिष्ठ प्राध्यापक वी.सी. शुक्ला,प्राध्यापक गण बरखा हलवाई,हर्षा देवानी,अंकिता श्रीवास ,अजिता तिग्गा, आकाश पटेल,सरिता पटेल, सौमित्र शर्मा ,सकरी के विभिन्न बूथों के बी.एल.ओ.तथा बड़ी संख्या में छात्र छात्राएं उपस्थित रहे।कार्यक्रम का संचालन तथा आभार प्रदर्शन कार्यक्रम अधिकारी चित्ररेखा श्रीवास ने किया।

13) 04/08/25 को नई शिक्षा नीति 2020 के सम्बंध में नवीन छात्र/छात्राओं को प्रथम सेमेस्टर के संबंध में एवं तृतीय सेमेस्टर के छात्र/छात्राओं को उनके विषय के संबंध में तथा **NEP** 2020 के संबंध में सम्पूर्ण जानकारी प्रदान करने के लिए उन्नमुखीकरण कार्यक्रम आयोजित किया गया।




14) 30/08/25 महाविद्यालय में क्रीड़ाधिकारी डॉ. अजय सिंह  के नेतृत्व में राष्ट्रीय खेल दिवस का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में महाविद्यालय की छात्रा कुमारी प्रतिभा साहू कों अंतर विश्वविद्यालय प्रतियोगिता में कांस्य पढक प्राप्त करने पर सम्मानित किया गया।



नवभारत
छत्तीसगढ़ • ओडिशा

Bilapur City - 31 Aug 2025 - 31nya3
epaper.navabharat.news

# सकरी कॉलेज में मनाया गया राष्ट्रीय खेल दिवस



**बिलासपुर।** नवीन शासकीय महाविद्यालय सकरी में राष्ट्रीय खेल दिवस मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत मेजर ध्यानचंद को श्रद्धांजलि अर्पित कर की गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य डॉ. रूबी मिल्होत्रा एवं कार्यक्रम का आयोजन क्रीड़ाधिकारी डॉ. अजय सिंह के नेतृत्व में किया गया। डॉ. अजय सिंह ने मेजर ध्यानचंद के जीवन इतिहास एवं उपलब्धियों पर पर प्रकाश डालते हुए कहा कि उनका खेल किसी जादू से कम नहीं था। महाविद्यालय की छात्रा प्रतिभा साहू द्वारा अंतर विश्वविद्यालय प्रतियोगिता में कांस्य पदक प्राप्त किया। जिसे सम्मानित करते हुए प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया। प्राचार्य एवं क्रीड़ा अधिकारी डॉ. अजय सिंह द्वारा व्यक्तिगत रूप से पांच-पांच हजार रुपए देकर सम्मानित किया गया। संचालन सहायक प्राध्यापक आकाश पटेल एवं सहायक प्राध्यापक संजय कुर्रे ने किया।

**15) 06/09/25** - <u>छ.ग. शासन के 25 पूर्ण होने पर प्रदेश भर में मनाये जा रहे रजत जयंती महोत्सव के तहत महाविद्यालय में रजत जयंती सप्ताह 9 से 12 दिसम्बर तक मनाया गया एवं विभिन्न प्रतियोगिता आयोजित की गयी।</u>



# सकरी कालेज में मना रजत जयंती महोत्सव

## एलुमनी मीट, रैली सहित प्रतियोगिताओं का आयोजन

**बिलासपुर।** छत्तीसगढ़ गठन के 25 वर्ष पूर्ण होने पर प्रदेश भर में रजत जयंती महोत्सव मनाया जा रहा है। इसी क्रम में नवीन शासकीय महाविद्यालय सकरी में रजत जयंती समारोह का आयोजन किया गया। महाविद्यालय में 6 सितंबर को एलुमनी मीट कार्यक्रम एवं 9 सितंबर को रैली का आयोजन किया गया। साथ ही 10 सितंबर बुधवार को क्विज प्रतियोगिता, गुरुवार 11 सितंबर को पोस्टर प्रतियोगिता एवं 12 सितंबर शुक्रवार को विकसित छत्तीसगढ़ विषय पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा के जिला उपाध्यक्ष संतोष कौशिक एवं विशिष्ट अतिथि संतोष वस्त्रकार, रवि मेहर, दिलीप उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ रुबी मिल्होत्रा ने किया।इस अवसर पर संतोष कौशिक ने कहा कि, छत्तीसगढ़ ने 25 वर्षों में अधोसंरचना, रोजगार, कृषि, चिकित्सा, शिक्षा एवं कला के क्षेत्र में अभूतपूर्व उन्नति की है। संतोष वस्त्रकार ने युवा शक्ति पर विशेष जोर दिया। रवि मेहर ने कहा कि, युवा अपने कौशल एवं प्रतिभा का सही उपयोग करें, तो निश्चित ही छत्तीसगढ़ एक विकसित राज्य के रूप में पहचाना जाएगा। गोपाल प्रसाद तिवारी जी वर्तमान छत्तीसगढ़ एवं प्राचीन छत्तीसगढ़ के बारे में जानकारी प्रदान की। दिलीप कोरी ने छत्तीसगढ़ की मूल विशेषता एवं छत्तीसगढ़ वासियों की सरलता पर प्रकाश डाला। प्राचार्य डॉ रूबी मल्होत्रा ने छत्तीसगढ़ की संपूर्ण विशेषताओं का वर्णन किंया। कार्यक्रम का संचालन सहायक प्राध्यापक सौमित्र शर्मा एवं आभार व्यक्त डॉ वीसी शुक्ला ने किया। इस अवसर पर सूरज मिश्रा, मनोज साहू, संजय यादव, जनक प्रजापति, अश्विनी खैरवार, सावित्री गढ़ेवाल, तिलक सूर्यवंशी, सोनू राम पटवा, रवि वस्त्रकार एवं वरिष्ठ प्राध्यापक डाक्टर पीडी महंत, सहायक प्राध्यापक डॉ श्वेता जायसवाल, बरखा हलवाई, हर्ष देवानी, अंकिता श्रीवास, अजीता तिग्गा, आकाश पटेल, संजय कुर्रे, ग्रंथपाल मनीषा उके सहित समस्त स्टाफ व छात्र छात्राएं उपस्थित थे।

कार्यक्रम मे शामिल अतिथि।





**16) 13/09/25** को नवभागरत अखिल भारतीय आमंत्रण फुटबॉल प्रतियोगिता में प्राचार्य नवीन शासकीय महाविद्यालय सकरी  अतिथि के रूप में शामिल हुए।






17) 16/09/25 को महाविद्यालय में कैरिय गाइडेंस समिति के तत्वाधान में स्वालंबी भारत अभियान डॉ. सुशिल श्रीवास्तव, डॉ. निता श्रीवास्तव, डॉ. देवेन्द्र कौशिक, के आतिथ्यि में चलाया गया। जिसमें उनहोने विदेशी उत्पादो के उपयोग के स्थान पर स्वदेश निर्मित उत्पादो का उपयोग करने पर बल दिया।






18) 06/10/25 महाविद्यालय में भारतीय रेड क्रॅास सोसायटी के व्यख्यान में शिकल सेल का जांच द्वारा स्वास्थय शिविर का आयोजन किया गया।



19) 09/10/25 को महाविद्यालय में छात्र विकास कार्यक्रम के अन्तर्गत मानसिक स्वास्थय के विकास के लिए तनाव प्रबंधन पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य वक्ता के रूप में ब्रम्हकुमारी, वी.के छाया उपस्थित रहें।

## तनाव प्रबंधन पर कार्यशाला
## तनाव के चार चरणों को बताया

**बिलासपुर।** छात्र विकास कार्यक्रम के अंतर्गत नवीन शासकीय महाविद्यालय सकरी में मानसिक स्वास्थ्य के विकास के लिए तनाव प्रबंधन पर एकदिवसीय कार्यशाला का आयोजन 7 अक्टूबर को दोपहर 1.30 बजे किया गया, जिसमें मुख्य वक्ता ब्रह्मकुमारी ओम शांति सरोवर उस्लापुर बीके छाया उपस्थित रही ।उन्होंने तनाव के चार चरण प्रेशर, तनाव,स्ट्रेस, डिप्रेशन या अवसाद बताया।इससे बचने के लिये अपने विचारों पर नियंत्रण रखने ,हमेशा सकारात्मक सोचने, नकारात्मक विचारों, से दूर रहने की बात कही।मानसिक शांति के लिए ध्यान को आवश्यक बताया।साथ ही छात्र छात्राओं को ध्यान भी करवाया। उन्होंने बच्चों को समझाया कि असफलता से घबराना नही चाहिये। लगातार प्रयत्न करते रहने से सफलता अवश्य मिलती है। अपने अध्यक्षीय उदबोधन में संस्था की प्राचार्य डॉ रूबी मिल्होत्रा ने कहा कि सकारात्मक विचारों के साथ आप सफलता को शीघ्र प्राप्त कर सकते हैं, शारीरिक स्वास्थ्य के साथ मानसिक स्वास्थ्य को आवश्यक बताया। इस अवसर वरिष्ठ सहायक प्राध्यापक डॉ .वीसी. शुक्ला, वरिष्ठ क्रीड़ाधिकारी डॉ अजय सिंग, डॉ श्वेता जायसवाल, सुश्री बरखा हलवाई, हर्षा देवानी , अंकिता श्रीवास, अजिता तिग्गा, आकाश पटेल, संजय कुर्रे, सरिता पटेल,सौमित्र शर्मा उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन और आभार प्रदर्शन कार्यक्रम संयोजक चित्ररेखा श्रीवास ने किया।



pur@gmail.com 3

न्यूज़ डायरी

## तनाव प्रबंधन को लेकर कार्यशाला का आयोजन

बिलासपुर। छात्र विकास कार्यक्रम अंतर्गत नवीन शासकीय महाविद्यालय सकरी में मानसिक स्वास्थ्य के विकास हेतु तनाव प्रबंधन पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। इसमें मुख्य वक्ता ब्रह्मकुमारी ओम शांति सरोवर उसलापुर की छाया दीदी उपस्थित रहीं। उन्होंने तनाव के चार चरण प्रेशर, तनाव, स्ट्रेस, डिप्रेशन या अवसाद बताया। इससे बचने के लिये अपने विचारों पर नियंत्रण रखने, हमेशा सकारात्मक सोचने, नकारात्मक विचारों से दूर रहने की बात कही। मानसिक शांति हेतु ध्यान को आवश्यक बताया। साथ ही छात्र-छात्राओं को ध्यान भी करवाया। उन्होंने बच्चों को समझाया कि असफलता से घबराना नहीं चाहिये। लगातार प्रयत्न करते रहने से सफलता अवश्य मिलती है। अपने अध्यक्षीय उदबोधन में संस्था की प्राचार्य डॉ. रूबी मल्होत्रा ने कहा कि सकारात्मक विचारों के साथ आप सफलता को शीघ्र प्राप्त कर सकते हैं। शारीरिक स्वास्थ्य के साथ मानसिक स्वास्थ्य को आवश्यक बताया। इस अवसर वरिष्ठ सहायक प्राध्यापक डॉ. वीसी शुक्ला, वरिष्ठ क्रीड़ाधिकारी डॉ. अजय सिंह, डॉ. श्वेता जायसवाल, बरखा हलवाई, हर्षा देवानी, अंकिता श्रीवास, अजिता तिग्गा, आकाश पटेल,संजय कुर्रे, सरिता पटेल, सौमित्र शर्मा उपस्थित रहे। कार्यक्रम का सफल संचालन और आभार प्रदर्शन कार्यक्रम के संयोजक चित्ररेखा श्रीवास ने किया।

छठ घाट पर पूजा कार्यालय

20) 12/11/25 को सरदार वल्लाभाई पटेल के जन्मदिन के अवसर पर यूनिटी मार्च, में पदयात्रा स्वामी आत्मानंद शासकीय उच्च माध्यमिक शाला से प्रारंभ होकर नवीन शासकीय महाविद्यालय सकरी, के प्रांगण में समाप्त हुआ। इसमें केन्द्रीय मंत्री तोखन साहू , एवं तखतपुर विधानसभा क्षेत्र के विधायक धर्मजीत सिंह उपस्थित रहे।



21) 17/11/25 महाविद्यालय की मेजबानी में एवं उच्च शिक्षा विभाग छ.ग. शासन के निर्देशन पर 17 एवं 18 नवम्बर को सेक्टर लेवल एथलेटिक्स प्रतियोगिता बहतराई स्टेडियम में आयोजित हुई। प्रतियोगिता में बिलासपुर, मुंगेली,पेन्ड्रा इन 03 जिलो के 12 महाविद्यालयो लगभग 200 महिला/पुरूष प्रतिभागीयों ने भाग लिया।



# टीम भावना का विकास होता है खेल से–कुलपति वाजपेयी

## सेक्टर लेबल एथलेटिक्स प्रतियोगिता बहतराई स्टेडियम में आयोजित

**बिलासपुर**, 18 नवंबर (देशबन्धु)। नवीन शासकीय महाविद्यालय सकरी की मेजबानी,और उच्च शिक्षा विभाग छत्तीसगढ़ शासन के निर्देश पर आज सेक्टर लेबल एथलेटिक्स प्रतियोगिता बहतराई स्टेडियम में आयोजित किया गया। प्रतियोगिता में बिलासपुर,मुंगेली,पेंड्रा इन तीन जिले के 12महाविद्यालय से लगभग 200महिला /,पुरुष प्रतिभागियों ने भाग लिया।

उदघाटन कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अटल बिहारी वाजपेई विश्वविद्यालय के कुलपति अरुण दिवाकर नाथ वाजपेयी ने की । अध्यक्षता उच्च शिक्षा बिलासपुर संभाग के अपर संचालक डॉ प्रवीण कुमार पाण्डेय थे। खेल के उदघाटन समारोह में कुलपति बाजपेई ने कहा खेल से टीम भावना का विकास होता है,जिससे खिलाड़ी छात्र /छात्राओं में सामाजिक सौहाद्र के साथ ही देश के एक जिम्मेदार नागरिक बनने का दायित्व भी पूरा होता है। कार्यक्रम में खिलाड़ियों के प्रेरणाश्रोत विशेष कर एथलेटिक्स के क्षेत्र में जसविंदर सिंह , सुशील कुमार मिश्रा, अमरनाथ सिंह , पी.जी. जयकृष्णन को विशेष रूप से कुलपति ने आयोजक महाविद्यालय सकरी की ओर से सम्मानित किया। ज्ञात हो कि जसविंदर सिंह भाटिया को 2012में द्रोणाचार्य सम्मान से सम्मानित किया जा चुका है।वे एथलेटिक्स इंडिया टीम के पूर्व कोच और वर्तमान में हेड कोच बहतराई स्टेडियम हैं।सुशील कुमार मिश्रा राष्टीय खेल में छत्तीसगढ़ का प्रतिनिधित्व कर चुके



हैं,जिला प्रशासन बिलासपुर से वे 8बार सम्मानित हो चुके हैं,उन्होंने 1200से अधिक लोगों को एथलेड्डुटिक्स के गुण शिक्षा चुके है तथा 46से अधिक मेडल दिला चुके हैं,वर्तमान में छत्तीसगढ़ एथलेटिक्स के उपाध्यक्ष हैं। अमरनाथ सिंह ने भारतीय एथलेटिक्स टीम के कोच के रूप में सऊदी अरब में भाग ले चुके हैं। पी .जी जयकृष्णन एथलेटिक्स के राष्टीय टीम से चयनित होकर वर्तमान में नवीन बालक पिछड़ावर्ग क्रीड़ा परिसर बिलासपुर में कार्य कर रहे हैं।

एथलेटिक्स प्रतियोगिता के 1500मीटर की दौड़ में पुरुष वर्ग में नैतिक सोनकर (प्रथम),उत्तम यादव (द्वितीय),हर्ष निषाद (तृतीय),रहे,वहीं महिला वर्ग में कविता गडरिया ,प्रथम, अंशुमाला बेक द्वितीय,राधा यादव तृतीय रहीं।गोला फेंक पुरुष में नितेश प्रथम, भरत साहू द्वितीय,बृजेश तृतीय,महिला वर्ग में विंदा श्याम प्रथम,सुरभि सिंह द्वितीय,वीरांगना पैकरा तृतीय स्थान पर रहीं। हाई जंप पुरुष में गौतम निषाद प्रथम,हिमांशु तिवारी द्वितीय, रामरति ध्रुव तृतीय,। लांग जंप पुरुष में नमिश कंवर प्रथम,गौतम निषाद द्वितीय,हेमंत चंद्रा तृतीय वहीं महिला वर्ग में चांद भारद्वाज प्रथम, सुकृता सिरसो द्वितीय, सुबन निषाद तृतीय रहीं।3000मीटर दौड़ महिला वर्ग में कविता प्रथम,अंजना द्वितीय एव अंशु बाला बेक तृतीय स्थान प्राप्त की।हैमर थ्रो में यश कुमार प्रथम,शुभम रजवाड़े द्वितीय, किशोर कुमार साहू तृतीय स्थान प्राप्त किए। कार्यक्रम समापन के मुख्य अतिथि जनभागीदारी के अध्यक्ष रवि मेहर थे, विशिष्ट अतिथि के रूप में सांसद प्रतिनिधि मनोज साहू, संघ के सोनू पटवा, जनभागीदारी समिति के सदस्य अश्वनी खैरवार,सु श्री सावित्री गढेवाल, उपस्थित थीं। क्रीड़ाधिकारी में डॉ अजय सिंह, डॉसुरेश पवार, डॉ जितेंद्र मिश्रा, डॉ बसंत अंचल,मुकेश घोरे, डॉ अजय यादव,श्री आशीष बाजपेई,ज्योति यादव, राजेश सिंह, चोलेश शंकर, आदि का सहयोग मिला।

**22) 24/11/25** को महाविद्यालय में रेड क्रॉस समिति द्वारा छात्र/छात्राओं हेतु ओरल हाइजीन जागरूकता हेतु डेन्टल कैम्प का आयोजन किया गया जिसमें न्यू होराइजन डेन्टल कौलेज एवं रिसर्च इंस्टीट्यूट के डॉक्टर उपस्थित थे।




# नवीन शासकीय महाविद्यालय सकरी में चिकित्सा शिविर आयोजित




**बिलासपुर@मानस-वार्ता।**

नवीन शासकीय महाविद्यालय सकरी में दिनांक 24 नवंबर 2025 को महाविद्यालय में अध्यनरत छात्र-छात्राओं में ओरल हाइजीन के प्रति जागरूकता फैलाने के लिए महाविद्यालय की प्राचार्य डॉक्टर रूबी मल्होत्रा की दिशा निर्देशन में महाविद्यालय में संचालित भारतीय रेट क्रॉस सोसाइटी एवं न्यू ह्रोजीन डेंटल रिसर्च इंस्टीट्यूट की संयुक्त तत्वाधान में निशुल्क दंत परीक्षण एवं परामर्श शिविर का आयोजन किया गया शिविर में दंत परीक्षण एवं परामर्श हेतु डॉ गरिमा सिंह देव डॉ रूचि शेरवानीप डॉ अंकित गौराहा डॉ अंकित भारती डॉक्टर अर्शिया खान डॉक्टर अनुष्का वीर उपस्थित रहे इस शिविर में बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं ने अपना दंत परीक्षण कराया कार्यक्रम का सफल संचालन भारतीय रेड क्रॉस सोसाइटी प्रभारी श्री आकाश पटेल के द्वारा किया गया एवं शिविर के अंत में वरिष्ठ प्राध्यापक डाक्टर पी.डी.महंत के द्वारा समस्त छात्र-छात्राओं, डॉक्टर एवं सहयोगी स्टाफ को धन्यवाद ज्ञापित किया।

**23) 24/11/25** को महाविद्यालय में अंग्रेजी विभाग के द्वारा इंग्लिस कम्युनिकेशन स्कील विषय पर व्यख्यान का आयोजन किया गया। जिसमें डॉ. मधुलिका सिंहा प्राध्यापक शासकीय बिलासा कन्या महाविद्यालय मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित रहें।




## शहर खास

**जागरूकता अभियान** | ओरल हाइजीन

# नवीन शासकीय महाविद्यालय सकरी में इंग्लिश कम्युनिकेशन स्कील आयोजित



**बिलासपुर।** नवीन शासकीय महाविद्यालय सकरी में दिनांक 24 नवंबर 2025 को महाविद्यालय में अध्यनरत छात्र-छात्राओं में ओरल हाइजीन के प्रति जागरूकता फैलाने के लिए महाविद्यालय की प्राचार्य डॉक्टर रूबी मिल्होत्रा की दिशा निर्देशन में महाविद्यालय में संचालित भारतीय रेडक्रास सोसाइटी एवं न्यू होईजीन डेंटल रिसर्च इंस्टीट्यूट की संयुक्त तत्वाधान में नि:शुल्क दंत परीक्षण एवं परामर्श शिविर का आयोजन किया गया शिविर में दंत परीक्षण एवं परामर्श हेतु डॉ. गरिमा सिंह देव, डॉ रूचि शेरवानी,डॉ अंकित गौराहा, डॉ अंकित भारती, डॉक्टर अर्शिया खान , डॉक्टर अनुष्का वीर, उपस्थित रहे इस शिविर में बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं ने अपना दंत परीक्षण कराया कार्यक्रम का सफल संचालन भारतीय रेड क्रॉस सोसाइटी प्रभारी आकाश पटेल के द्वारा किया गया एवं शिविर के अंत में वरिष्ठ प्राध्यापक डाक्टर पी.डी.महंत के द्वारा समस्त छात्र-छात्राओं, डॉक्टर एवं सहयोगी स्टाफ को धन्यवाद ज्ञापित किया।

24) 23/12/25 राज्य युवा महोत्सव में उच्च शिक्षा विभाग द्वारा राज्य युवा महोत्सव में स्टॉल की जिम्मेदार महाविद्यालय को मिली जिसे सफलता पूर्वक सम्पादित किया गया।



25) महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा दिनांक 06 से 12 जनवरी 2026 तक सात दिवसीय शिविर का आयोजन किया गया।





26) 23/01/26 महाविद्यालय में वार्षिक क्रीड़ा उत्सव का आयोजन दिनांक 23 एवं 24 जनवरी 2026 को किया गया।



27) 10/02/26 को महाविद्यालय के प्रथम एवं द्वितीय वर्ष के छात्र/छात्राओं के द्वारा अंतिम वर्ष के छात्र/छात्राओं के लिए बिदाई समारोह का आयोजन किया गया।






28) महाविद्यालय में दिनांक 17/02/26 को वार्षिक स्नेह सम्मेलन 2025 – 26 का आयोजन किया गया। इसमें तखतपुर विधानसभा के विधायक धर्मजित सिंह मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। इस दिन महाविद्यालय में हुए प्रतियोगिताओं में प्रथम एवं द्वितीय स्थान प्राप्त छात्र छात्राओं का सम्मान किया गया।




29) 27/02/26 को **IQAC** के तत्वाधान में महाविद्यालय में शिक्षक अभिभावक बैठक आयोजित की गयी। जिसमें श्रीमती हर्षा देवानी वाणिज्य विभाग में सौमित्र शर्मा, विज्ञान संकाय में श्री संजय कुमार कुर्रे कला संकाय में डॉ. पी.डी. महंत श्रीमती चित्ररेखा श्रीवास गणित संकाय में डॉ. श्वेता जायसवाल एवं सुश्री बरखा हलवाई ने बैठक को संचालित किया



30) 19/03/26 को महाविद्यालय में वाणिज्य विभाग एवं प्फ।ड के संयुक्त तत्वाधान में भारतीय ज्ञान परम्परा गीता का जीवन में महज्व विषय पर व्याख्यान का आयोजन किया गया। जिसमें विश्वविद्यालय प्रतिष्ठान म.प्र. के जिला संयोजक उज्जैनी भिण्ड निवासी श्री विष्णु शर्मा ने विश्वगीता प्रतिष्ठानम पर स्वाहचाय पत्रक का वाचान छात्र/छात्राओं को करवाया।




# छात्र-छात्राओं ने विश्वगीताप्रतिष्ठानम पर स्वाध्याय पत्रक का वाचन किया

## गीता तो समग्र जीवन दर्शन हैः प्राचार्य डॉ. रुबी मिल्होत्रा

**लोकस्वर मीडिया नेटवर्क**

lokswar.in



**बिलासपुर।** विश्व गीता प्रतिष्ठान मध्यप्रदेश के जिला संयोजक उज्जैनी, भिंड निवासी विष्णु शर्मा का इन दिनों छत्तीसगढ़ के अनेक स्थानों में महाविद्यालयों,स्कूलों में छात्र /छात्राओं को गीता के कुछ सार श्लोकों का वाचन कराया जा रहा है,इसी कड़ी में महाविद्यालय के आई क्यू ए सी के तत्वाधान में वाणिज्य संकाय के सहायक प्राध्यापक सौमित्र शर्मा, हर्षा देवानी और आई क्यू ए सी प्रभारी डॉक्टर स्वेता जायसवाल मैडम ने एक कार्यशाला का आयोजन किया। कार्यक्रम में अतिथियों का साल श्री फल से रोली चंदन लगाकर स्वागत किया गया।घर घर गीता का प्रचार हो,सदाचार और सद विचार हो का स्वाध्याय , कृष्ण वंदना, गायत्री मंत्र का जाप,सरस्वती, ईश वंदना,गुरु वंदना,का सस्वर पाठ किया गया।प्रेरक प्रसंग डॉक्टर फूलदास महंत ने,सुभाषित वाचन चित्र रेखा श्रीवास ने,तथा अमृत वचन डॉक्टर स्वेता जायसवाल मैडम ने पाठ कराया।महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ रुबी मिल्होत्रा मैडम ने छात्र छात्राओं को गीता के दो,चार श्लोकों का नित्य प्रति पठन,स्वाध्याय करने का निर्देश देते हुए कहा कि गीता तो समग्र जीवन दर्शन है। डॉक्टर महंत ने कहा कि न्यायालय में झूठी गवाही देने से लेकर नित्य प्रति अपने अच्छे कर्मों की ओर सचेत रहने का संदेश हमे श्री कृष्ण अर्जुन संवाद से सीखना चाहिए। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विष्णु शर्मा ने संस्कृत हिंदी भाषा में सस्वर पाठ कराया,तथा सकरी महाविद्यालय के छात्र छात्राओं को संस्कार वान की उपाधि दी ।कार्यक्रम में रामचंद्र दुबे, ऋषिकुमार कश्यप, ईश्वर सिंह ठाकुर, संजय कुर्रे, बरखा हलवाई, आकाश पटेल, तथा महाविद्यालय के स्टॉफ उपस्थित हुए।